National Duniya
New Delhi, 8 January 2013

गुजरात केन्सविले गोल्फ में उपस्थित रहेंगे सचिन

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व मेजर विजेता रिच बीन और राइडर कप स्टार ओलिवर विल्सन उन एलीट गोल्फरों में शामिल हैं जो 31 जनवरी से तीन फरवरी के बीच केन्सविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब में होने वाले गुजरात केन्सविले चैलेंज में भाग लेंगे।

इस टूर्नामेंट के पूर्व विजेता गगनजीत भुल्लर और 2012 के उप विजेता राहिल गंगजी भी इसमें शिरकत करेंगे। स्टार क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर केन्सविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब के ब्रांड एंबेसडर हैं और वह 30 जनवरी को प्रो एम के दिन इसमें उपस्थित रहेंगे। इस दो लाख यूरो इनामी प्रतियोगिता में 120 गोल्फर भाग लेंगे। इसमें यूरोपीय टूर चैलेंज के 63 और पीजीटीआई के 57 खिलाड़ी शामिल हैं। इस यूरोपीय चैलेंज टूर के मेजबान जीव मिल्खा सिंह ने कहा कि तेंदुलकर की उपस्थिति से प्रतियोगिता को फायदा होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सचिन भी गोल्फ में हाथ आजमाएंगे। उन्होंने कहा, 'यह अच्छा है कि सचिन इस टूर्नामेंट के दौरान उपस्थित रहेंगे। मेरे व अमिताभ बच्चन के अलावा वह भी इसके ब्रांड एंबेसडर हैं। उम्मीद है कि उन्हें यह खेल पसंद आएगा और वह भी गोल्फ खेलना शुरू करके कपिल, मदनलाल और अजय जडेजा की श्रेणी में शामिल होंगे।'